दिनांक 14.12.2023 को बालाघाट में हुई पुलिस–नक्सल मुठभेड़ की संक्षिप्त जानकारी

दिनॉक 14–12–2023

बालाघाट के थाना गढ़ी अन्तर्गत खमकोदादर जंगल क्षेत्र में जिला बल बालाघाट, मण्डला एवं हॉक फोर्स के संयुक्त अभियान के दौरान पुलिस–नक्सल मुठभेड़ में 14 लाख के ईनामी हार्डकोर नक्सली को मार गिराया गया

- थाना **गढ़ी अन्तर्गत खमकोदादर** जंगल क्षेत्र में **कान्हा–भोरमदेव** के नक्सलियों के एक समूह के उपस्थिति की विशेष आसूचना के आधार पर जिला बल बालाघाट, जिला बल मण्डला एवं हॉक फोर्स का ज्वाईट ऑपरेशन दिनांक 14 दिसम्बर 2023 को खमकोदादर जंगल क्षेत्र में लॉन्च किया गया।

- सर्चिंग के दौरान जब बल इस क्षेत्र में नक्सलियों की तलाश कर रहा था, तभी **पूर्व से घात लगााकर बैठे हुए 10–12 नक्सलियों** के एक समूह द्वारा पुलिस पार्टी पर **अंधाधुंध फायर** किया गया।

- हमारे जवानों द्वारा की गयी **नियंत्रित लेकिन प्रभावी जवाबी** फायरिंग में एक **हार्डकोर पुरूष नक्सली** मारा गया, जिसके पास से **एक .315 बोर राइफल बरामद की गई** है।

- मारे गये नक्सली की पहचान निम्न के रूप में हुई है–
  चैतु उर्फ हिडमा मडकाम, लगभग 22–25 वर्ष, निवासी ग्राम पम्मरा, ब्लॉक भैरमगढ़ जिला बीजापुर छत्तीसगढ एसीएम, दामा उर्फ मंगू के गार्ड के रूप में एमएमसी जोन अंतर्गत मलाजखण्ड एरिया कमेटी जिला बालाघाट में सक्रिय था।

- चैतु उर्फ हिडमा मडकाम **वर्ष 2012** में नक्सल दलम में शामिल होकर दण्डकारण्य जोन में प्लाटून–02 में सक्रिय रहा। चैतु उर्फ हिडमा मडकाम को **वर्ष 2020 में दण्डकारण्य जोन से बदली कर एमएमसी जोन** में भेजा गया। एमएमसी जोन में मलाजखण्ड एरिया में सक्रिय रहने के बाद इसकी सक्रियता को देखते हुये एमएमसी जोन स्पेशल कमेटी के सचिव दामा उर्फ मंगू की गार्ड टीम में रखा गया था।

- नक्सली चैतु उर्फ हिडमा मडकाम को दलम में पर्सनल वेपन के रूप में **एक .315 बोर राइफल** दी गई थी। चैतु की सक्रियता को देखते हुये इसे **इन्सास एलएमजी चलाने की भी ट्रेनिंग** दी गई थी। मुठभेड़ के दौरान मृत नक्सली चैतु से **एक .315 बोर राइफल बरामद की गई** है।

- पूर्ण संभावना है कि कुछ और **नक्सली घायल** हुए हों, इस हेतु सीआरपीएफ और हॉक फोर्स टीमों के द्वारा इस क्षेत्र में **बड़े स्तर पर सघन सर्चिंग अभियान** चलाया जा रहा है।

मृतक नक्सली का विवरण

चैतु उर्फ हिडमा मडकाम, ग्राम पम्मरा, ब्लॉक भैरमगढ़ जिला बीजापुर छत्तीसगढ

01	नाम तथा उपनाम	चैतु उर्फ हिडमा मडकाम
02	पद	एसीएम –मलाजखण्ड दलम
03	पता	ग्राम पम्मरा, ब्लॉक भैरमगढ़ जिला बीजापुर छत्तीसगढ
04	हथियार	.315 बोर राइफल
05	ईनाम	मध्यप्रदेश– 03 लाख, छत्तीसगढ़– 05 लाख, महाराष्ट्र– 06 लाख कुल– 14 लाख
06	आपराधिक रिकॉर्ड	मध्यप्रदेश– 02 अपराध (हत्या, हत्या के प्रयास जैसे अपराधो में वान्टेड) नोटः– अन्य राज्यों से आपराधिक रिकार्ड प्राप्त किया जा रहा है।